कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, इलाहाबाद, पिन कोडः– 211002
दूरभाष सं0 / फैक्स नं0:– 0532 2466761, 0532 2466769
e-mail id - :– secretarypnp.up@gmail .com, assistantteacherexam@gmail.com

विज्ञप्ति

"सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा–2018" की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन हेतु आनलाइन आवेदन

शासनादेश सं0 32/15–11–2018 शिक्षा अनुभाग–11 दिनांक 09–01–2018 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं शासनादेश सं0 331(1)/15–11–2018 शिक्षा अनुभाग–11 दिनांक 07–05–2018 द्वारा निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 27.05.2018 को आयोजित "सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा–2018" का परीक्षाफल दिनांक 13.08.2018 को घोषित किया गया था, घोषित परीक्षाफल में पारदर्शिता के दृष्टिगत शासनादेश सं0 1498(i)/68–4–2018 बेसिक शिक्षा अनुभाग–4 दिनांक 05–10–2018 द्वारा परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को निःशुल्क पुनर्मूल्यांकन का अवसर प्रदान किया गया है।

शासनादेश दिनांक 05.10.2018 द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2018 में सम्मिलित अभ्यर्थियों को **दिनांक 11.10.2018 की सायं से दिनांक 20.10.2018 (सायं 06:00 बजे) तक वेबसाइट http://at18reevaluation.upsdc.gov.in** के माध्यम से पुनर्मूल्याकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने हेतु मुख्य नियम व शर्ते निम्नवत् हैं –

1. अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन हेतु स्वयं आवेदन करें, किसी अन्य अभ्यर्थी द्वारा किये गये आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. अभ्यर्थी को सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2018 हेतु निर्गत रजिस्ट्रेशन नं0, अनुक्रमांक, जन्म तिथि के साथ अपने मोबाइल नं0 को अंकित करते हुए आवेदन करना होगा।
3. आवेदित अभ्यर्थियों के पुनर्मूल्यांकन का यह एक मात्र अंतिम अवसर होगा एवं घोषित परिणाम के विरूद्ध अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार का दावा एवं पत्राचार स्वीकार नहीं होगा।
4. पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित घोषणा पत्र को स्वीकार करना होगा एवं ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

10.10.18
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद 10-10-18

पत्रांकः गोप0/स0अ0भ0प0–18/ 1258–63 /2018–19 दिनांक 10.10.2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
3. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. श्री ए0पी0 सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि ऑनलाइन आवेदन के सम्बन्ध में यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. नोडल अधिकारी, स्टेट डाटा सेन्टर, यू0पी0डेस्को, लखनऊ।

10.10.18
(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद 10-10-18